Printed Pages – 8

K-309

B.Com. (Part-II) Examination-2022

CORPORATE ACCOUNTING

Paper - I

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

नोट : सभी पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न करना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

Note : Attempt all five questions. One question from each unit is compulsory. All questions carry equal marks.

इकाई - I / Unit - I

Q. 1. ऋणपत्रों के शोधन से क्या आशय है ? ऋणपत्रों के शोधन के विभिन्न तरीकों का वर्णन कीजिए।

What is meant by redemption of debentures ? Explain the various methods of redemption of debentures.

अथवा / Or

X लिमिटेड ने 10 ₹ वाले 20,000 समता अंश 10% प्रीमियम पर निर्गमित किए। आवेदन पर 2 ₹, आबंटन पर 3 ₹ तथा प्रथम एवं अन्तिम याचना पर 6 ₹ (प्रीमियम सहित) चुकाना

था। मिस्टर Y जो 1,000 अंशों के धारक थे, ने याचना पर देय राशि नहीं चुकाई और उनके अंश कम्पनी द्वारा जब्त कर लिए गए थे। प्रविष्टियाँ दिखाइए।

X Limited issued 20,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of 10%. The amount payable was ₹ 2 on application, ₹ 3 on allotment and ₹ 6 (including premium) on first and final call. Mr. Y the holder of 1,000 share, did not pay the amount due on call and his shares were forfieted by the company. Show the entries.

इकाई - II / Unit - II

Q. 2. कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के प्रारूप के अनुसार कम्पनी के स्थिति विवरण का प्रारूप बनाइए।

Prepare a specimen of companies balance sheet in the format as per schedule III of the Companies Act, 2013.

अथवा / Or

एक कम्पनी का ऐच्छिक समापन हुआ। इसकी सम्पत्तियों से 3,50,000 ₹ प्राप्त हुए। इसमें वह राशि शामिल नहीं है जो कि उन प्रतिभूतियों के बेचने से प्राप्त हुई जो पूर्ण रक्षित लेनदारों के अधिकार में थी, निम्नांकित स्थिति थी :

अंश पूंजी : 100 ₹ वाले 1,000 अंश

पूर्ण रक्षित लेनदार (प्रतिभूति पर 40,000 ₹ प्राप्त हुए)	35,000
पूर्वाधिकार लेनदार	6,000

अरक्षित लेनदार	1,40,000
ऋणपत्र जिनका कम्पनी की सम्पत्तियों पर प्लेटिंग अधिकार हो	2,50,000
समापन व्यय	5,000
निस्तारक का पारिश्रामिक	7,500

निस्तारक का अंतिम विवरण खाता बनाइए।

A company went into voluntary liquidation. ₹ 3,50,000 were received from its assets. It does not include that amount which is received by selling those securities which are with fully secured creditors, following was the position :

Share capital : 1000 shares of ₹ 100 each	
fully secured creditors (₹ 40,000 were received on securities)	35,000
Preferential creditors	6,000
Unsecured creditors	1,40,000
Debentures having a floating charge on the assets of the company	2,50,000
Liquidation expenses	5,000
Remuneration of liquidator	7,500

Prepare the final statement of account of liquidator.

इकाई - III / Unit - III

Q. 3. उन घटकों को समझाइए जो अंशों के मूल्य को प्रभावित करते हैं ?

Explain those factors which affect the value of shares.

अथवा / Or

निम्नांकित सूचना दी हुई है :

(अ) औसत विनियोजित पूंजी 1,00,000

(ब) 10% से पाँच वर्ष के लिए एक रुपये की वार्षिकी का वर्तमान मूल्य 3.78 ₹ है।

(स) लाभ की सामान्य आय 10% है।

(द) पाँच वर्षों के लाभ हैं : प्रथम वर्ष 15,000 ₹, द्वितीय वर्ष 16,000 ₹, तृतीय वर्ष 17,000 ₹, चतुर्थ वर्ष 18,000 ₹ और पंचम वर्ष 20,000 ₹।

लाभों में औसतन 1,500 ₹ के अनावर्तक लाभ शामिल हैं जिसमें से 300 ₹ के बार-बार होने की सम्भावना है। व्यवसाय के स्वामी का पारिश्रमिक 800 ₹ प्रति वर्ष है जिसका लेखा लाभ-हानि खाते में नहीं किया गया है। ख्याति निकालिए :

(i) अधिलाभ के पाँच वर्ष के क्रय अनुसार

(ii) वार्षिकी प्रणाली से

(iii) पूंजीकरण प्रणाली से

The following information is given :

(a) Average capital employed ₹ 1,00,000.

(b) Present value of the annuity of ₹ 1 for 5 years at 10% is 3.78.

(c) Normal rate of profit is 10%.

(d) Net profits for five years are : I[st] year ₹ 15,000, II[nd] year ₹ 16,000, III[rd] year ₹ 17,000, IV[th] year ₹ 18,000 and V[th] year ₹ 20,000.

Profit included non-recurring profit on an average basis of ₹ 1,500 out of which ₹ 300 had the recurring tendency remuneration of proprietor is ₹ 800 p.a. which is not charged in profit and loss A/C. Find out goodwill

(i) As per five years purchase of super profit.

(ii) As per annuity method.

(iii) As per capitalisation of profit method.

इकाई - IV / Unit - IV

Q. 4. पूंजी कमी खाता क्या है ? इसे कब, क्यों और कैसे बनाया जाता है ?

What is capital reduction account ? When, why and how is it prepared ?

अथवा / Or

दिव्या ऑयल मिल्स लि. का ऐच्छिक समापन होता है। इसकी सम्पत्तियाँ लेने के लिए एक नई कम्पनी गणेश ऑयल मिल्स लि. का निर्माण 31 मार्च, 2014 को हुआ है। दिव्या ऑयल मिल्स लि. की सम्पत्तियाँ एवं दायित्व निम्न प्रकार हैं : कार्यशाला एवं अन्य सम्पत्तियाँ 3,60,000 ₹, चालू सम्पत्तियाँ 40,000 ₹, चालू दायित्व 80,000 ₹। इसकी दत्त पूंजी 4,00,000 ₹ है। सभी सम्पत्तियाँ नई कम्पनी की 2,88,000 ₹ में बेची गईं जो 1

₹ वाले 2,00,000 ₹ के अंशों, प्रत्येक 75 पैसे दत्त एवं 88,000 ₹ नकद राशि से खरीदी गईं। दिव्या ऑयल मिल्स लि. ने सभी दायित्वों एवं समापन व्यय का भुगतान किया। दिव्या ऑयल मिल्स लि. की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

Divya Oil Mills Ltd. go into voluntary liquidation. A new company Ganesh Oil Mills Ltd. was formed to acquire the assets of Divya Oil Mills Ltd. on 31st March, 2014. Assets and liabilities of Divya Oil Mills Ltd. were as follows : works and other properties ₹ 3,60,000, current assets ₹ 40,000, current liabilities ₹ 80,000. Its paid up capital was ₹ 4,00,000. The assets were sold to new company for ₹ 2,88,000, ₹ 2,00,000 payable in shares of ₹ 1 each, credited with 75 paisa per share paid up and ₹ 88,000 in cash. Divya Oil Mills Ltd. paid the liabilities and cost of liquidation. Pass the journal entries in the books of Divya Oil Mills Ltd.

इकाई - V / Unit - V

Q. 5. बैंक के लाभ-हानि खाते का नमूना दीजिए तथा इसके प्रत्येक शीर्षक को सूक्ष्म में समझाइए।

Give specimen of bank's profit and loss account and explain its each head in brief.

(7)

अथवा / Or

31 मार्च, 2014 को रिक्की लि. तथा शैंकी लि. के चिट्ठे निम्नांकित थे :

विवरण	रिक्की लि. ₹	शैंकी लि. ₹
I. समता एवं दायित्व :		
अंशधारी कोष :		
अंशपूजी :		
10 ₹ वाले पूर्णदत्त समता अंश	90,000	40,000
संचय एवं आधिक्य :		
लाभ-हानि विवरण-आधिक्य	23,000	8,000
चालू दायित्व :		
व्यापारिक देयताएँ	1,00,000	22,000
	2,13,000	**70,000**
II. सम्पत्तियां :		
गैर-चालू सम्पत्तियाँ	70,000	40,000
चल सम्पत्तियाँ	88,000	20,000
रोकड़	55,000	10,000
	2,13,000	**70,000**

1 अप्रैल, 2014 को रिक्की लिमिटेड ने शैंकी लिमिटेड के 75% अंश 18 ₹ प्रति अंश की दर से अधिग्रहीत किए। 1 अप्रैल 2014 को समेकित चिट्ठा तैयार कीजिए।

The Balance Sheet of Rikki Ltd. and Shainky Ltd. on 31st March, 2014 was as below :

(8)

Particulars	Rikki Ltd. ₹	Shanky Ltd. ₹
I. EQUITY & LIABILITIES :		
Shareholders' funds :		
Share Capital :		
Equity shares of ₹ 10		
each fully paid	90,000	40,000
Reserves and Surplus :		
Statement of P & L – surplus	23,000	8,000
Current Liabilities :		
Trade payables	1,00,000	22,000
	2,13,000	**70,000**
II. ASSETS :		
Non-current assets	70,000	40,000
Current assets	88,000	20,000
Cash	55,000	10,000
	2,13,000	**70,000**

On 1st April, 2014 Rikki Ltd. acquired 75% shares of Shanky Ltd. at ₹ 18 per share. Prepare a consolidated balance sheet as at 1st April, 2014.